नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 163/2021
Dt-8-6-2021

सचिव,
जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के जगदर और नवानी के पास सुपैन नदी में निर्मित स्लूईस गेट में फाटकों का मरम्मति कार्य कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के जगदर और नवानी के पास सुपेन नदी में निर्मित स्लूईस गेट में फाटकों की मरम्मति का कार्य नहीं होने से किसान परेशान हैं। यह इलाका बाढ़ प्रवन्न क्षेत्रों में से एक है।

विगत लगभग पाँच वर्षों से स्लूईस गेट का तीन फाटक नहीं उठ रहा है जिसके कारण नदी में थोड़ा सा भी पानी आने पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है तथा फसलों की बहुत ज्यादा क्षति हो जाती है। उक्त तीनों फाटकों का मरम्मति कार्य कराना जनहित में आवश्यक है, ताकि किसानों को फसलों का नुकसान न उठाना पड़े।

अतः अनुरोध है उक्त स्लूईस गेट में फाटकों का मरम्मति कार्य शीघ्र कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
8.6.21
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in